स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

प्रेस–विज्ञप्ति दिनांक 16.06.2017

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/निगम भिलाई के महापौर परिषद ने प्रत्येक जोन में ग्रुपवार डोर टू डोर कचरा संग्रहण, नाली,सडक,बाजार एवं सफाई के अन्य कार्य हेतु पृथक–पृथक निविदा आमंत्रित किये जाने सहित अस्थाई वाहन चालक रखने, सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था हेतु सिक्यूरिटी संस्थाओं से निविदा आमंत्रित किए जाने की स्वीकृति प्रदान किया है ।

प्रभारी महापौर लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में आहुत महापौर परिषद की बैठक में रखे गये 5 प्रस्ताओं को परिषद के सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया जिसमें अविरत एजुकेशन सोसायटी गरीब एवं जरूरतमंद लोगो की सहायता हेतु नेकी की दीवार निर्माण की अनुमति प्रदान किया गया जिसके तहत जो आपके पास अधिक है यहां छोड जाएं जो आपकी जरूरत का है यहां से ले जाएं के उद्देश्य से जुनवानी चौक में दीवार का निर्माण की अनुमति 6 शर्तो के तहत प्रदान किया गया है । वाहन शाखा के अन्तर्गत अस्थाई रूप से वाहन चालको को कार्य पर रखने 30 वाहन चालक हेतु 53 लाख 87 हजार 4 सौ रूपये की निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया है ।

महापौर परिषद ने निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को प्रत्येक जोन में ग्रुपवार पृथक–पृथक निविदा आमंत्रित कर डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य, नाली,सडक,बाजार एवं अन्य सफाई कार्य हेतु शासन द्वारा निर्धारित प्लेसमेंट सफाई कामगारो की संख्या के अनुरूप सहायक श्रमायुक्त द्वारा श्रमिको के लिए प्रस्तावित नई पारिश्रमिक पर निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया । निगम भिलाई की सम्पत्तियों की सुरक्षा हेतु वित्तीय वर्ष 2017–18 तक की अवधि के लिए एक सिनियर गार्ड एवं 99 सुरक्षा गार्डो की व्यवस्था के लिए सिक्यूरिटी संस्थाओं से निविदा आमंत्रित किये जाने तथा उस पर होने वाले व्यय राशि लगभग 91 लाख स्वीकृति प्रदान किया गया है । निगम क्षेत्र से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे के सेग्रिकेशन किये जाने हेतु अभिव्यक्ति की रूचि के माध्यम से प्रस्ताव बुलाये जाने की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान किया गया है ।

बैठक में प्रभारी महापौर लक्ष्मीपति राजू, आयुक्त के0एल0चौहान परिषद के सदस्य नीरज पाल, केशव बंछोर, दिवाकर भारती, जोहन सिन्हा, दुर्गा प्रसाद साहू, साकेत चन्द्राकर, नरेश कोठारी, सुर्यकान्त सिन्हा, श्रीमति सुशीला देवांगन, सदीरन बानो सहित निगम सचिव जीवन वर्मा, स्वास्थ अधिकारी वाहन प्रभारी उपस्थित थें ।

जनसम्पर्क अधिकारी